भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या- 16

सोमवार, 18 जुलाई, 2022/27 आषाढ़, 1944 (शक)

आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना

16. श्री ज्योतिर्मय सिंह महतोः
श्रीमती लॉकेट चटर्जीः
श्रीमती गीता कोडाः
श्री चन्दन सिंहः
श्री दिलेश्वर कामैतः
श्री जुगल किशोर शर्माः

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना के तहत लाभार्थियों की पश्चिम बंगाल सहित संख्या कितनी है;

(ख) उक्त योजना के तहत आवंटित और वितरित निधि कितनी है;

(ग) कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के पास विभिन्न श्रेणियों के तहत अदावाकृत जमा राशियों का ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का लोक कल्याण के लिए इस तरह की निधि का उपयोग करने का विचार है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क): आत्मनिर्भर भारत रोजगार योजना (एबीआरवाई) के तहत दिनांक 06.07.2022 तक लाभार्थियों की राज्य-वार संख्या अनुबंध में दी गई है।

(ख): वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, इस योजना के तहत 6400 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की गई है। योजना की शुरुआत से दिनांक 06.07.2022 तक 59.52 लाख लाभार्थियों के खातों में 5887.13 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं।

(ग) से (ङ): कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) में अदावाकृत्त कोई राशि नहीं है।

*****

<u>अनुबंध</u>

लोक सभा के दिनांक 18.07.2022 के अतारांकित प्रश्न संख्या 16 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

एबीआरवाई के तहत लाभार्थियों की संख्या (राज्य-वार) (06.07.2022 तक)		
राज्य का नाम	लाभार्थी कर्मचारियों की संख्या	लाभार्थी प्रतिष्ठानों की संख्या
अंडमान व निकोबार द्वीप समूह	474	35
आंध्र प्रदेश	1,63,775	3,967
अरुणाचल प्रदेश	507	15
असम	19,381	642
बिहार	27,645	1,195
चंडीगढ़	63,940	1,558
छत्तीसगढ़	84,242	2,892
दिल्ली	2,23,599	3,081
गोवा	20,649	533
गुजरात	6,37,173	15,333
हरियाणा	3,92,949	7,524
हिमाचल प्रदेश	82,535	2,125
जम्मू और कश्मीर	19,154	879
झारखंड	61,997	2,203
कर्नाटक	4,76,879	10,750
केरल	95,220	2,667
लद्दाख	182	15
मध्य प्रदेश	2,01,881	6,129
महाराष्ट्र	9,64,900	22,090
मणिपुरी	1,384	54
मेघालय	1,195	37
मिजोरम	376	15
नागालैंड	221	14
ओडिशा	88,279	4,124
पंजाब	1,69,059	6,433
राजस्थान	3,22,572	11,290
सिक्किम	3,723	110
तमिलनाडु	8,04,604	16,334
तेलंगाना	2,77,102	5,269
त्रिपुरा	5,438	150
उत्तर प्रदेश	4,24,991	12,237
उत्तराखंड	91,644	2,379
पश्चिम बंगाल	2,24,437	7,568
सकल योग	**59,52,107**	**1,49,647**